# घुसपैठियों पर एक्शन में योगी सरकार

**17 नगर डिटेंशन सेंटर बनाने सरकार ने दिए निर्देश**

**23.69 लाख डुप्लीकेट नाम वोटर लिस्ट में**



**लखनऊ, 11 दिसंबर. उत्तर प्रदेश में घुसपैठियों और मतदाता सूची में गड़बड़ी के मामलों ने प्रशासनिक हलचल बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काशी दौरे से पहले महापौर अशोक तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने जोनल अधिकारियों को घुसपैठियों की 100त्न सटीक जांच के सख्त निर्देश दिए हैं।**

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में कई फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र भी सामने आए हैं। सरकार ने 17 नगर डिटेंशन सेंटर बनाने और लगभग 3 करोड़ कथित घुसपैठियों का डाटा बेस तैयार करने का निर्णय लिया है। वहीं, वोटर लिस्ट में 23.69 लाख डुप्लीकेट नाम और 2.92 लाख संभावित कटौती वाले नाम मिले हैं। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त ने घुसपैठियों की जांच के लिए त्वरित समिति बनाई है। समिति को संदिग्ध प्रमाण-पत्र जांच कर दोषियों की पहचान और तुरंत निरस्तीकरण का अधिकार दिया गया है। राज्य सरकार 17 नगर डिटेंशन सेंटर बनाएगी और करीब 3 करोड़ कथित घुसपैठियों का डाटा बेस तैयार करेगी। इन सभी को ब्लैकलिस्ट करने का विचार है। एसआईआर की तारीखें बढ़ाई गई हैं और सीईओ ने 14 दिन का रिमांड लिया है।

**घुसपैठियों की जांच के लिए जोनल अधिकारियों को सख्त निर्देश**

वाराणसी में प्रशासनिक हलचल तेज है, क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को काशी दौरे पर आने वाले हैं। उनके आगमन से पहले स्मार्ट सिटी सभागार में हुई समीक्षा बैठक में महापौर अशोक तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने जोनल अधिकारियों को घुसपैठियों की 100त्न सटीक जांच के कड़े निर्देश दिए। महापौर ने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर की ढिलाई पर कार्रवाई होगी।

# राजस्थानी दिवस में बैटरी एनर्जी स्टोरेज पर सत्र

## राजस्थान से गुजरेगा देश के एनर्जी सेक्टर का सुपर हाईवे-केन्द्रीय विद्युत मंत्री



**जयपुर, 11 दिसम्बर। केन्द्रीय विद्युत मंत्री श्री मनोहरलाल ने आशा व्यक्त की है कि पश्चिमी राजस्थान में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संरक्षण के मामले में ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार का जल्द ही विधिक समाधान निकलेगा।**

उन्होंने कहा कि ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-तृतीय को केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से अनुमति प्राप्त हो गई है। केन्द्रीय ट्रांसमिशन नेटवर्क के अन्तर्गत 115 गीगावाट का तंत्र राजस्थान में बनाया जा रहा है। प्रसारण तंत्र का यह विस्तार इस बात का संकेत है कि देश के एनर्जी सेक्टर का सुपर हाईवे राजस्थान से होकर ही गुजरेगा। मनोहरलाल को जेईसीसी में प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर बैटरी एनर्जी स्टोरेज को लेकर आयोजित विशेष सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने राजस्थान में सौर ऊर्जा क्षेत्र के विकास को लेकर राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान न केवल देश के, बल्कि वैश्विक अक्षय ऊर्जा मानचित्र पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आज हमारा प्रदेश सौर ऊर्जा और समग्र अक्षय ऊर्जा क्षमता, दोनों में देश में प्रथम स्थान पर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के किसानों को सशक्त बनाने और उन्हें अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता बनाने के लिए पीएम कुसुम जैसी अनुपम योजना चलाई है। इसमें राजस्थान पूरे देश के लिए मार्गदर्शक राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पीएम-कुसुम (कम्पोनेंट ए और सी) के अंतर्गत 10,533 मेगावाट क्षमता की 5,002 सौर परियोजनाओं के लिए कार्यादेश किए हैं और 2,272 मेगावाट की 1,019 परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं। कम्पोनेंट-ए में तो हमारा राजस्थान पूरे देश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है।

# अमेरिका ने पारित किया युद्ध बजट

**901 अरब डॉलर आवंटन, ट्रंप के 8 अरब अधिक प्रस्तावित**



**वॉशिंगटन, 11 दिसंबर. अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार शाम वित्त वर्ष 2026 के लिये युद्ध विभाग को 901 अरब डॉलर की भारी-भरकम रकम आवंटित करने संबंधी राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण विधेयक को पारित किया।**

यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुरोध से आठ अरब डॉलर ज़्यादा है। यह 3,000 से ज़्यादा पन्नों वाला विधेयक 112 के मुकाबले 312 वोटों से पास हुआ है। अब इसे मंजूरी के लिए सीनेट में भेजा जा रहा है। आखिरी वोटिंग में 18 रिपब्लिकन और 94 डेमोक्रेट्स ने नकारात्मक वोट दिया। वोटिंग से पहले सभा अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कहा कि इसका मकसद राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप के 15 कार्यकारी आदेशों को संहिताबद्ध करना, पेंटागन में सामाजिक और नस्लीय अन्याय को खत्म करना, अमेरिकी सीमा को सुरक्षित करना, रक्षा उद्योग आधार को फिर से मजबूत करना और योद्धाओं की भावना को बहाल करना है।

**ट्रंप की पेट्रो को सख्त चेतावनी जारी**

**वाशिंगटन, 11 दिसंबर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को चेतावनी दी है कि यदि वह देश में मादक पदार्थों की स्थिति पर ध्यान नहीं देते हैं, तो उन्हें भारी मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, अगर वह (पेट्रो) समझदारी से काम नहीं लेते हैं तो उनको भारी मुसीबत का सामना करन पड़ सकता है। कोलंबिया बहुत अधिक ड्रग्स का निर्माण कर रहा है।

# बहराइच हिंसा : सरफराज को फांसी, 9 को आजीवन सजा

**बहराइच, 11 दिसंबर। रामगोपाल हत्याकांड में आज अदालत ने दोषियों को सख्त सजा सुनाई। मुख्य आरोपी सरफराज को फांसी की सजा दी गई, जबकि आठ दोषियों को आजीवन कारावास और एक दोषी सैफ अली को आठ वर्ष की जेल की सजा सुनाई गई।**

साथ ही सभी दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। यह मामला 13 अक्तूबर 2024 की दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा से जुड़ा है, जब रामगोपाल की निर्मम हत्या कर दी गई थी। अदालत में फैसले के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सुबह से ही कचहरी परिसर में भारी भीड़ जुटी थी। मृतक परिवार, स्थानीय लोग और वकील लगातार अदालत की कार्रवाई पर नजर बनाए हुए थे। परिवार की आंखों में न्याय की उम्मीद और दर्द दोनों साफ नजर आ रहे थे। रामगोपाल की मां मुन्नी देवी और पत्नी रोली मिश्रा अपने प्रियजन के न्याय की प्रतीक्षा में भावुक हो गईं। पिता कैलाश नाथ मिश्र की तबीयत हत्या के बाद से खराब चल रही है। बड़े बेटे हरमिलन ही परिवार का सहारा बने हैं। इस घटना के बाद पुलिस अधिकारियों की लापरवाही पर कार्रवाई भी की गई थी।

## राजस्थान उच्च न्यायालय को फिर बम से उड़ाने की मिली धमकी

**जयपुर, 11 दिसम्बर.** राजस्थान उच्च न्यायालय को गुरुवार को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद परिसर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। धमकी का ई-मेल मिलने के बाद पूरे उच्च न्यायालय परिसर को खाली कराया गया और कई मामलों की सुनवाई स्थगित करनी पड़ीं। राजस्थान उच्च न्यायालय को यह धमकी ई-मेल के ज़रिए मिली, जिसमें कहा गया कि न्यायालय परिसर में कोई विस्फोटक रखा गया है। तलाशी के बाद हालांकि कोई विस्फोटक नहीं मिला और धमकी को फर्जी पाया गया। उधर इन धमकियों के बावजूद हाईकोर्ट बार एसोसिशएन के चुनाव जारी हैं.

# प्रणब दा को दी श्रद्धांजलि

## देश के लोकतांत्रिक मूल्य याद दिलाते रहेंगे



**नई दिल्ली, 11 दिसंबर। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. प्रणब मुखर्जी को भारतीय राजनीति में एक ऐसे नेता के रूप में याद किया जाता है जिन्होंने अपने अनुभव, संतुलन और जनसेवा की भावना से लोकतंत्र को हमेशा मजबूत किया। उनकी जयंती पर आज देशभर में श्रद्धांजलियों का सिलसिला जारी है।**

इसी क्रम में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक सम्मानजनक और भावनात्मक पोस्ट साझा की। पोस्ट में उन्होंने लिखा—पूर्व राष्ट्रपति डॉ. प्रणव मुखर्जी जी की जयंती पर शत् -शत् नमन। उनका विज़न, विनम्रता और लोकतंत्र के प्रति समर्पण हमेशा देश का मार्गदर्शन करता रहेगा। डॉ. प्रणब मुखर्जी न केवल राजनीति में अनुभवी थे, बल्कि वे संवाद, विचार-विमर्श और संवैधानिक दायित्वों के सर्वोत्तम उदाहरण भी थे।

### एक नजर में

## म्यांमार में जुटा हवाई हमले में 30 लोगों की मौत

**नेपीडॉ.** गृह युद्ध सगुजर रहे म्यामांर के एक अस्पताल पर हुए सैन्य हवाई हमले में 30 लोगों की मौत हो गयी। मौके पर मौजूद मेडिकल कर्मी ने यह जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर हुए इस हमले में जिस हॉस्पिटल को निशाना बनाया गया, वह अराकान सेना के अधीन कई उपनगरों के आम नागरिकों के लिये इलाज का केंद्र बना हुआ था। उल्लेखनीय है कि म्यामांर में 2021 के सैन्य तख्तापलट के बाद से देश गृह युद्ध की आग में झुलस रहा है। देश के करीब आधे हिस्से पर राज्य प्रशासन परिषद उर्फ जुंटा (सैन्य शासन) का कब्ज़ा है, जबकि बाकी देश अराकान जैसे जातीय सैन्य संगठनों और पीपुल्स डिफेंस फोर्सेस के अधीन है। जुंटा शासन ने अपने कब्ज़े वाले क्षेत्र में 28 दिसंबर 2025 से तीन चरण में चुनाव आयोजित करने की घोषणा की है। चुनाव की ओर बढ़ते हुए जुंटा ने हवाई हमलों की संख्या बढ़ा दी है। बीते सिर्फ तीन महीनों में अस्पतालों, गांवों और स्कूलों पर 30 से ज्यादा हवाई हमले किये जा चुके हैं।

## 5868 स्टेशनों पर नि :शुल्क सेवा -वैष्णव



**नयी दिल्ली 11 दिसंबर।** रेलवे देशभर के 5868 स्टेशनों पर दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों नि :शुल्क व्हीलचेयर उपलब्ध कराता है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार परिचारक के उपलब्ध होने की स्थिति में पूर्व निर्धारित मामूली दर पर लाइसेंस प्राप्त सहायक (पोर्टर) किराए पर लिए जा सकते हैं। इस संबंध में जानकारी रेलवे स्टेशन परिसर में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित की जाती है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बुजुर्ग, दिव्यांग और बीमार यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए की गयीं अन्य पहलों में कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) में वरिष्ठ नागरिकों और 45 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिला यात्रियों को बुकिंग के समय सीट उपलब्ध होने पर बिना किसी विकल्प के भी स्वचालित रूप से निचली सीट आवंटित करने का प्रावधान है। वहीं, शयनयान श्रेणी में प्रति कोच छह से सात निचली सीट, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (3एसी) में प्रति कोच चार से पांच निचली सीट और वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी (2एसी) में प्रति कोच तीन से चार निचली सीट (रेलगाड़ियों में उस श्रेणी के कोचों की संख्या के आधार पर) का संयुक्त आरक्षण वरिष्ठ नागरिकों, 45 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिला यात्रियों और गर्भवती महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है।

## कैप्टन घोष का साहस जिसने ढाका का रास्ता खोला

**नयी दिल्ली.** भारतीय सैन्य इतिहास में 11 दिसंबर 1971 की वह शाम एक अदम्य साहस की गाथा लिख गई जब बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) में भारत का बिजली-सा तेज़ अभियान अपने चरम पर था, तो टांगाइल के धान के खेतों पर पैराशूट बटालियन का एक तेज मगर निर्णायक ऑपरेशन हुआ। ढाका से महज 56 किलोमीटर दूर किया गया यह बेहद खास अभियान पाकिस्तान सेना के लिए ढहती दीवारों पर आखिरी कील साबित हुआ। टांगाइल पर उतरे पैराशूट से उतरे जवानों ने ढाका की ओर भाग रही पाकिस्तानी सेना के लिए वापसी का आखिरी रास्ता काट दिया।

# ईडी ने पीके एंटरप्राइजेज पर लगाया आरोप

**26.72 करोड़ की कथित बैंक धोखाधड़ी का मामला दर्ज**



**कोलकाता, 11 दिसंबर. प्रवर्तन निदेशालय के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने पीके एंटरप्राइजेज के मालिक प्रसेनजीत दास और पांच अन्य लोगों के खिलाफ शहर की एक विशेष अदालत में धनशोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत आरोप पत्र दायर किया है।**

यह मामला उनके दिवंगत पिता, के.पी.एस. एंटरप्राइज के मालिक पूर्णेंदु दास से जुड़े एक कथित बैंक धोखाधड़ी से संबंधित है। इस सप्ताह दायर किए गए आरोपपत्र के अनुसार, ईडी ने आरोप लगाया है कि प्रसेनजीत दास, चंदन सरकार, ललतू साहा और तीन अन्य लोगों ने दिवंगत पूर्णेंदु दास के साथ मिलकर धोखाधड़ी वाले निर्यात लेनदेन और बंगलादेश को प्याज निर्यात करने के लिए आवंटित बैंक ऋण सुविधाओं का दुरुपयोग कर एक राष्ट्रीयकृत बैंक को धोखा देने की साजिश रची। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दर्ज एफआईआर के बाद ईडी ने अपनी जांच शुरू की। सीबीआई को जांच में पता चला कि दिवंगत पूर्णेंदु दास ने अपनी स्वामित्व वाली कंपनी के.पी.एस. एंटरप्राइज के माध्यम से तत्कालीन इलाहाबाद बैंक (अब इंडियन बैंक) से बंगलादेश को प्याज निर्यात करने के लिए आठ करोड़ रुपये की पैकिंग क्रेडिट सुविधा और 25 करोड़ रुपये की विदेशी बिल नेगोशिएशन सुविधा का लाभ उठाया।

जांच में पता चला कि कंपनी द्वारा प्रस्तुत निर्यात दस्तावेज और बिल जाली थे, जिसके कारण जाली निर्यात बिल जमा करने से बैंक को 26.72 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

### आज का इतिहास

- **2008**-विख्यात तबला वादक पंडित किशन महाराज का निधन।
- **1975**- मूक फिल्मों के स्टार चार्ली चैपलिन को बकिंघम पैलेस में नाइट की उपाधि प्रदान की गई।
- **1957**- भारतीय इतिहासकार हेमचंद्र राय चौधरी का निधन।
- **1924**-पेरिस में 8वें ओलिंपिक खेलों की शुरुआत हुई।
- **1922**- शार्क लेडी के नाम से मशहूर अमेरिकी समुद्री जीवविज्ञानी यूजीनी क्लार्क का जन्म हुआ।
- **1902**- कर्नाटक के पहले मुख्यमंत्री और मध्य प्रदेश के राज्यपाल रहे केसी रेड्डी का जन्म हुआ।
- **1896**-लंदन डेली मेल का पहला संस्करण प्रकाशित हुआ।

# नीतीश ने केसरिया बौद्ध स्तूप की सुरक्षा का दिया निर्देश

**पटना, 11 दिसम्बर. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को अधिकाारियों को पूर्वी चंपारण जिले में स्थित केसरिया बौद्ध स्तूप की सुरक्षा बनाये रखने का निर्देश देते हुये वहां निर्माणाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।**

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने आज पूर्वी चंपारण जिले के केसरिया में निर्माणाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां निर्माण कराए जा रहे ऑडिटोरियम, पर्यटकीय सुविधा के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि केसरिया बौद्ध स्तूप को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। उन्होंने कहा कि सेंटर के निर्माण से पर्यटकों को सहूलियत होगी और बौद्ध धर्म के विभिन्न आयामों तथा बिहार के गौरवशाली गाथा को वे जान सकेंगे।उन्होंने निर्देश दिया कि इस टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निर्माण कार्य जल्द-से-जल्द पूरा करें। गौरतालब कि निर्माणाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर में 5डी थियेटर बनाया जा रहा है, जहां 48 व्यक्तियों के बैठने की सुविधा होगी। यहां महत्वपूर्ण बौद्ध शिक्षाओं से संबंधित फ्रेम प्रदर्शित किए जाएंगे। यह आगंतुकों के लिए परिचयात्मक क्षेत्र के रूप में कार्य करेगा।

## न्यायिक हिरासत के बंदी की अस्पताल में मौत

**रायपुर/कांकेर, 11 दिसंबर.** छत्तीसगढ की राजधानी रायपुर के डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर अस्पताल में न्यायिक हिरासत के एक बंदी की मौत के बाद प्रदेश कांग्रेस ने जेल और पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्थानीय (भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र) विधायक सावित्री मंडावी ने कांग्रेस एवं सर्व आदिवासी समाज के नेता और चारामा के पूर्व जनपद अध्यक्ष जीवन ठाकुर के मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। श्री बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर इसे राजनीतिक हत्या प्रतीत होने की बात लिखी है।

# शुभम जायसवाल पर 25 हजार का इनाम

**कफ सिरप मामला**




**वाराणसी, 11 दिसंबर. कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी के मामले में वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।**

फरार चल रहे शुभम जायसवाल की तलाश में वाराणसी, सोनभद्र, जौनपुर और चंदौली पुलिस के साथ-साथ विशेष जांच टीम (एसआईटी), स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और एंटी नारकोटिक्स सेल की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस गिरोह के एक अन्य प्रमुख सदस्य झारखंड (रांची) की शैली ट्रेडर्स के मालिक भोला प्रसाद को सोनभद्र पुलिस ने कुछ दिन पहले कोलकाता से गिरफ्तार किया था। भोला प्रसाद शुभम जायसवाल के पिता हैं और इस अवैध कारोबार को लंबे समय से चला रहे थे। पुलिस के अनुसार मामले में शामिल विभिन्न फर्मों के बैंक खातों की गहन जांच की जा रही है। सभी बैंक ट्रांजेक्शन का ब्योरा जुटाया जा रहा है।

# सरकारी कंपनी में सालों से रुका वेतन

- बिबकॉल कर्मचारियों को नहीं वेतन : राहुल गांधी
- पोलियो वैक्सीन निर्माता कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ीं




**नयी दिल्ली, 11 दिसम्बर. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकारी संस्थाओं का दमन और उनका निजीकरण सरकार की सबसे बड़ी दुर्नीति है और मौजूदा सरकार का यह कदम देश के लिए एक बहुत बड़ा अभिशाप बन गया है।**

श्री गांधी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उनकी हाल ही हुई जन संसद में भारत इम्यूनोलॉजिकल्स तथा जैविकीय निगम लिमिटेड (बिबकॉल) के कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात हुई। इन कर्मचारियों ने अपनी स्थिति को लेकर जो बातें कहीं है वह बहुत हैरान करने वाली है और जो भी इसे सुनेगा हैरान हो जाएगा। उन्होंने लिखा इस सरकारी कंपनी के कर्मचारी सालों से वेतनहीन हैं। अपने घर का खर्च चलाने के लिए कर्ज़, उधार और मजबूरी पर उनका जीवन टिका हुआ है। ये वही बिबकॉल है जो भारत में वैक्सीन बनाने वाली एकमात्र सरकारी कंपनी थी और जिसने पोलियो जैसी भयंकर बीमारी के उन्मूलन में ऐतिहासिक योगदान दिया। सरकार को कम कीमत पर वैक्सीन उपलब्ध कराने और हर बच्चे तक उसकी पहुंच सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका निर्णायक रही है। लेकिन 2017 तक मुनाफ़े में चल रही इस कंपनी को जानबूझकर, योजनाबद्ध तरीक़े से घाटे के उद्यम में बदल दिया गया। श्री गांधी ने आगे कहा साफ़ है ताकि सरकारी कॉन्ट्रैक्ट निजी कंपनियों को सौंपे जा सकें, निजी कंपनियां महंगे दाम पर वैक्सीन बेचकर भारी मुनाफ़ा कमाएं और उसकी कीमत आपकी जेब से निकाली जाए.

**चर्चा** | **वंदे मातरम् को राष्ट्र गान के बराबर सम्मान देने के साथ इस पर राज्य सभा में बोले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा**

# वंदे मातरम् की उपेक्षा के लिए नेहरू हैं जिम्मेदार



**नयी दिल्ली, 11 दिसंबर. स्वतंत्रता संग्राम में प्राण फूंकने वाले मंत्र की भूमिका निभाने वाले ऋषि बंकिमचंद्र चटोपाध्याय रचित अमरगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष होने के उपलक्ष्य में राज्य सभा में तीन दिन की चर्चा सदन के नेता और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा के इस आह्वान के साथ सम्पन्न हुई कि इस गीत को राष्ट्रगान जन-गण-मन के समान ही स्थान मिलना चाहिए।**

अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चर्चा का समापन करते हुए कहा कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि इसको राष्ट्रगान के समान ही स्थान मिलेगा और इसका उसके बराबर ही सम्मान होगा। उन्होंने करीब एक घंटे के अपने वक्तव्य में कहा, हम जन -गण-मन का पूर्ण सम्मान करते है और उसके सम्मान के लिए जीवन देने को तैयार रहते हैं -पर पंडित जवाहरलाल नेहरू के चलते वंदेमातरम् को वह सम्मान और वह स्थान नहीं मिला जो उसे मिलना चाहिए था। वंदे मातरम् की उपेक्षा के लिए पंडित नेहरू जी जिम्मेदार हैं। चर्चा में कुल 80 से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया। भाजपा अध्यक्ष और और केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि साम्प्रदायिक शक्तियों के दबाव में आकर कांग्रेस ने अक्टूबर 1937 में अपनी कार्यकारी समिति में वंदे मातरम् के लघु रूप को अपनाने और गाने का प्रस्ताव पारित किया.



लोक सभा में गुरुवार को जानकारी दी गयी कि पेट्रोल में एथनॉल मिलाने से वाहनों को कोई नुकसान नहीं होता है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि पेट्रोलियम पदार्थों में एथनॉल मिलाने से वाहनों को कोई नुकसान होता है या नहीं, इसकी जांच की गयी है जिससे वाहनों को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है।

**राज्यसभा में निजी अस्पतालों पर निशाना**

राज्यसभा में सदस्यों ने निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों से मनमाने बिल वसूले जाने तथा घटिया दवाओं का मुद्दा गुरुवार को प्रमुखता से उठाया। भारतीय जनता पार्टी के डा के लक्ष्मण ने सभापति की अनुमति से उठाये जाने वाले मामलों के तहत निजी अस्पतालों में मरीजों से भारी भरकम राशि वसूले जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अस्पताल मरीजों के उपचार के दौरान बेवजह की जांच और टेस्ट कराते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रज्वल रेवन्ना की याचिका ठुकराई

**नयी दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को जनता दल के नेता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के बेंगलुरु के विशेष एमपी/एमएलए न्यायालय से दो बलात्कार मामलों की सुनवाई अन्य अदालत में भेजे जाने संबंधी याचिका खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने रेवन्ना के उस तर्क को अस्वीकार कर दिया कि प्रथम न्यायाधीश पक्षपाती थे। उल्लेखनीय है कि उसी विशेष न्यायालय ने पहले एक अन्य बलात्कार मामले में रेवन्ना को दोषी ठहराकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। रेवन्ना ने पीठासीन न्यायाधीश के बदलाव की कर्नाटक उच्च न्यायालय में अपनी याचिका खारिज होने के बाद उच्चतम न्यायालय का रुख किया था।

# भूपेन्द्र ने की मोदी से मुलाकात

**यूपी भाजपा अध्यक्ष पद पर फैसला जल्द**

**पीयूष गोयल के लखनऊ आने की संभावना**

**लखनऊ , 11 दिसंबर। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) में नए अध्यक्ष की घोषणा को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी बीच मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने गुरुवार को दिल्ली में अहम राजनीतिक मुलाकातें कीं हैं। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल के जल्द ही लखनऊ के आने की संभावना है।**

पार्टी सूत्रों ने बताया कि भूपेंद्र सिंह चौधरी ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात की । इसके तुरंत बाद वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिले। इन बैठकों को आगामी संगठनात्मक फेरबदल और बदलते राजनीतिक समीकरणों के संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष का ऐलान इसी हफ्ते होने की संभावना है। हालांकि कई नामों की चर्चा है, लेकिन यह भी संकेत मिल रहे हैं कि पार्टी दोबारा भूपेंद्र सिंह चौधरी पर ही भरोसा जता सकती है। उनके नेतृत्व में 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी ने मजबूत प्रदर्शन किया था, जो उनके हक में एक बड़ा कारक माना जा रहा है। इस बीच भाजपा के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी दिल्ली में मौजूद हैं.